प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 17.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मेक इन इंडिया के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्विक मंच पर आगे बढ़ने की कुछ उपलब्धियां साझा कीं।

2- केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का किया पुनर्गठन, केंद्रीय मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी भी टीम में शामिल।

3- भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा– झारखंड में खनिज संपदा के बावजूद बेरोजगारी दर दूसरे राज्यों से अधिक, नहीं लग रहे नये उद्योग।

4- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को नियमों की अनदेखी कर तेज आवाज में बजने वाले डीजे पर रोक लगाने का दिया निर्देश।

5- राज्यभर में भाईचारगी के साथ निकाला जा रहा है मुहर्रम का जुलूस, अब से कुछ देर बाद निकलेगी घुरती रथयात्रा, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर बताया है कि मेक इन इंडिया के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय साइकिलों की दुनियाभर में मांग हो रही है। ब्रिटेन, जर्मनी और नीदरलैंड में निर्यात बढ़ा है। यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है। पोस्ट के अनुसार, बिहार में बने जूतों का इस्तेमाल अब रूसी सेना कर रही है। इतना ही नहीं, जैसे–जैसे क्रिकेट विश्व कप नजदीक आया, कश्मीर में बने बल्ले की भारी मांग होने लगी। ये बल्ले भारत के

उत्कृष्ट शिल्प कौशल और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव का उदाहरण पेश करते हैं। वहीं अमरीकी बाजार में अमूल अपने उत्पाद उतारकर भारत के अनूठे स्वादों को दुनिया भर में पहुंचा रहा है। भारत की यूपीआई प्रणाली अब वैश्विक बन गई है, जो कई देशों में निर्बाध डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाती है। भारत और रूस के बीच संयुक्त उद्यम से बनी ब्रह्मोस मिसाइलें अब दक्षिणी चीन सागर में तैनात हैं। यह विकास भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं और वैश्विक सुरक्षा को बढ़ाने में देश की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है।

****

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी को नीति आयोग के विशेष आमंत्रित सदस्यों में शामिल किया गया है।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि झारखंड में बेरोजगारी दर देश के अन्य राज्यों से लगभग एक फीसदी अधिक है। श्रीठाकुर कल बोकारो में बेहतर झारखंड संस्था के युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यहां के युवाओं को नियोजन के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। झारखंड सरकार की लापरवाही के कारण बड़े उद्योग भी नहीं लग रहे हैं।

वहीं रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने वादा किया था कि पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, लेकिन बेरोजगारी भत्ता तक नहीं दे पायी है।

****

झारखंड भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। श्रीसरमा आज रांची के हरमू रोड में रांची विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले कल तोरपा और खूंटी में कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को जीताने की अपील की।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

केन्द्र सरकार ने संसद के बजट सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू कामकाज के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग का अनुरोध करेगी। बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख से 12 अगस्त तक चलेगा। बजट 23 जुलाई को प्रस्तुत किया जाएगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

****

जामताड़ा जिले में रिक्त पदों पर ग्रामीण चौकीदारों की नियुक्ति की जाएगी ।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डॉ बीआर षाडंगी और न्यायाधीश एसएन प्रसाद की खंडपीठ में रांची में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर कल सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार से कहा कि नियमों की अनदेखी कर तेज ध्वनि में बजाने वाले डीजे पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। इस मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज घुरती रथ यात्रा और मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। रांची के जगन्नाथपुर में अब से थोड़ी देर बाद घुरती रथयात्रा निकाली जाएगी। जगन्नाथपुर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटी है। इस दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र रथ पर सवार होकर अपने धाम लौटेंगे।

****

इधर मुहर्रम को लेकर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में जुलूस निकाला जा रहा है। पूरे राज्य में इसे लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं। राजधानी में दो सौ से ज्यादा जगहों पर स्टैटिक फोर्स को तैनात किया गया है। यातायात एसपी ने आज सुबह 10 बजे से निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन जुलूस की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया है।

******समाप्त************